# एकेटीयू : बायोटेक पार्क के संचालन की लेगा जिम्मेदारी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। एकेटीयू प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे बायोटेक पार्क के संचालन की जिम्मेदारी लेगी। सोमवार को कुलपति प्रो. जेपी पांडेय की अध्यक्षता में हुई वित्त समिति की बैठक में इस पर सैद्धांतिक सहमति बनी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी समिति ने मंजूरी दी।

शासन की ओर से कुर्सी रोड पर बायोटेक पार्क का संचालन किया जा रहा है। जहां पर स्टार्टअप व इनोवेशन से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। अब इसे एकेटीयू चलाने पर सहमत है। इस पर अंतिम निर्णय कार्य परिषद (ईसी) की बैठक में होगा। बैठक में विवि के स्कूल ऑफ फॉर्मेसी और स्कूल

### वित्त समिति ने सैद्धांतिक सहमति दी, ईसी लगाएगी अंतिम मुहर

### संविदा शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने पर सहमति

ऑफ मैनेजमेंट के बजट पर अनुमोदन दिया गया। संविदा पर रखे जाने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर का वेतनमान 50 हजार से बढ़ाकर 57,700 करने, आईईटी व आर्किटेक्चर कॉलेज के निदेशक को वित्तीय स्वीकृत बढ़ाकर एक लाख से पांच लाख रुपये कर दी गई। उन्होंने बताया कि हिंदी में किताब लेखन, अनुवास व डिक्शनरी बनाने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहन के रूप में क्रमशः 50, 30 व 20 हजार रुपये देने पर सहमति बनी।

## पर्यावरण को बचाएंगे ग्रीन स्टार्टअप

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को एकेटीयू के इनोवेशन हब ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में मदद करने वाले 10 ग्रीन स्टार्टअप ने अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. श्रवण बघेल ने कहा कि सरकार पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए काफी काम कर रही है। ग्रीन स्टार्टअप्स कई अभिनव समाधान विकसित कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष सचिव योजना विभाग डॉ. राजेंद्र पेंसिया, प्रति कुलपति प्रो. मनीष गौड़ ने भी विचार व्यक्त किए। ब्यूरो